1973-2021

## सम्पादक की क़लम से

# अमेरिका,तालिबान,विपक्ष

अमेरिका का अफ़गानिस्तान से चले जाना या यूँ कहिये कि भाग जाना दुनिया को अच्छा नहीं लगा। तालिबान का राज कैसा रहेगा, अभी इस बात ही का चर्चा है। भारत में विपक्ष ने भी इस बारे में सरकार को मशवरे दिए हैं। अमेरिका, किसी देश से पहली बार भागा है, ऐसा भी नहीं है। अफ़ग़ानिस्तान में अमेरिका की फैलाई ऐसी अफ़रातफ़री न पहली बार है और न अफ़गानिस्तान इसका शिकार बनने वाला पहला देश। दूसरे विश्वयुद्ध के बाद कम से कम चार बड़े मौक़ों पर अमेरिका चार देशों से इसी तरह निकल चुका है। 19 साल की भीषण बमबारी और आधुनिक हथियारों के बावजूद उत्तरी वियतनाम की कम्युनिस्ट सेना से जंग में 58 हज़ार अमेरिकी सैनिक मारे गए। अमेरिका में युद्ध के ख़िलाफ़ प्रदर्शन होने लगे। ऐसे में पेरिस शांति समझौते के नाम पर 1973 में अमेरिकी सेना वियतनाम से निकल गई। भागते अमेरिकियों की वह तस्वीर महाशक्ति की हार का प्रतीक बन गई। आप या तो हमारे साथ या हमारे खिलाफ हैं। 9/11 के भीषण आतंकी हमले के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जॉर्ज बुश ने 21 सितंबर 2001 को यह बयान दिया और इसके ठीक 15 दिन बाद अमेरिकी विमानों ने अफ़गानिस्तान में बम बरसाने शुरू कर दिए। आज क़रीब 20 बरस बाद वही अमेरिका अफ़ग़ानिस्तान से भाग खड़ा हुआ है। काबुल समेत तकरीबन पूरा अफ़ग़ानिस्तान फ़िर उसी तालिबान के क़ब्ज़े में है, जिसके ख़िलाफ़ अमेरिका ने वार ऑन टेरर यानी आतंक के खिलाफ़ जंग छेड़ी थी। अमेरिका के अफ़ग़ानिस्तान से जाने के फ़ैसले से आम अफ़ग़ानी इस कदर बेचैन है कि वो अपने ही देश से भागने के लिए उड़ते हवाई जहाज के लैंडिंग गियर में बैठकर जान गंवाने से भी नहीं चूक रहा। 1961 में फिदेल कास्त्रो का तख़्ता पलटने के लिए अमेरिका ने सीआईए के जरिए पिग्स की खाड़ी के रास्ते हमला किया। इसके लिए सीआईए ने फिदेल के विरोधियों को ट्रेनिंग और हथियार दिए। ज़मीनी हमले से पहले पांच अमेरिकी विमानों से बमबारी की गई। इनमें तीन विमानों को क्यूबा ने मार गिराया। योजना के मुताबिक हमलावरों की मदद के लिए अमेरिका को दूसरे चरण की बमबारी करनी थी, मगर हमला फेल होता देख अमेरिका मुकर गया और उसे शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। 1993 में सोमालिया की राजधानी मोगादिशू में ब्लैक हॉक हेलिकॉप्टर गिराए जाने की घटना को भी अमेरिका की हार के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। इस युद्ध में अमेरिका के 19 सैनिक मारे गए और 73 सैनिक घायल हुए। इस घटना के बाद अमेरिका की नीति में बदलाव आया और उसने सोमालिया से यूएन मिशन वापस लेने का फैसला किया। 16 अगस्त 2021 का दिन अफ़ग़ानिस्तान के इतिहास में दर्ज हो गया है, जब तालिबान ने अफ़गानिस्तान की राजधानी काबुल पर भी क़ब्ज़ा कर लिया। पिछले 20 सालों से अफ़ग़ानिस्तान में सैन्य अभियान चला रहा अमेरिका, अफ़गानिस्तान से उल्टे पैर भाग रहा है। अब दुनिया को चिन्ता है कि अफ़ग़ानिस्तान आतंकियों का अड्डा बन जाएगा। पाकिस्तान,जो कि तालिबान का समर्थन कर रहा है, उसे भी नुकसान उठाना पड़ सकता है। भारत स्थिति पर नज़र रखे हुए है। इन सालों में भारत ने अफ़ग़ानिस्तान में क़रीब 500 छोटी-बड़ी परियोजनाओं में निवेश किया है, जिनमें, स्कूल, अस्पताल, स्वास्थ्य केंद्र, बच्चों के होस्टल और पुल शामिल हैं। यहां तक कि भारत ने अफ़ग़ानिस्तान में गणतंत्र की निशानी के तौर पर खड़ा संसद भवन, सलमा बांध और ज़रांज-देलाराम हाइवे में भी भारी निवेश किया है। इनके अलावा भारत करोड़ों रुपये निवेश कर ईरान के चाबहार बंदरगाह के विकास का काम कर रहा है, जिसे जोड़ने वाली सड़क अफ़ग़ानिस्तान से होकर जाती है। अब कुछ नहीं पता कि इन परियोजनाओं का भविष्य क्या होगा। अगर इन परियोजनाओं को नुक़सान पहुंचा, तो हानि आम नागरिकों ही को होगी। जानकार कह रहे हैं कि भारत का नुक़सान इससे कहीं अधिक है, क्योंकि तालिबान के सत्ता में आने से अफ़ग़ानिस्तान में उसका प्रभाव ख़त्म भी हो सकता है। भारत इस पूरे मामले में कैसी प्रतिक्रिया देता है ये इस बात पर निर्भर करेगा कि तालिबान भारत के प्रति क्या रुख़ अख़्तियार करता है। भारत की विपक्षी पार्टियां मोदी सरकार को मशवरे दे रही हैं। अखिलेश यादव ने ट्वीट करते हुए लिखा कि, भारत सरकार को वहाँ फँसे भारतीयों की सुरक्षा के लिए तुरंत इंतज़ाम करने चाहिए। हर भारतीय का जीवन बचाना सरकार का कर्तव्य है। उनके इस ट्वीट पर लोग उन्हें ही ट्रोल करने लगे। एक ट्विटर अकाउंट से कमेंट किया गया है कि क्यों नही लादेन साहब के चहेते आज़म ख़ान को भेज देते, वहां शान्ति बहाली का पैग़ाम लेकर। ट्वीट करने वाले को पता नहीं कि आज़म ख़ान अन्दर हैं। एक ट्विटर अकाउंट से कमेंट आया कि समाजवादी पार्टी के सभी छोटे बड़े नेताओं को मिलकर अफ़गानिस्तान जाकर तालिबान से बात करनी चाहिए दुनिया में समाजवादी वर्चस्व बढ़ेगा और अफ़गानिस्तान में शांति स्थापित होगी। एक ट्विटर यूजर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए लिखते हैं कि जिनसे प्रदेश तो संभाला नहीं गया, वह अब अंतरराष्ट्रीय संगठनों की बात करते हैं, जबकि उनको मालूम है कि देश के प्रधानमंत्री इन सब चीजों के लिए सक्षम है, उसके बाद भी ज्ञानवर्धन करने के लिए आ जाते हैं लोग। एक ट्विटर अकाउंट से लिखा गया कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी निश्चिंत रहिये ये मोदी सरकार है, जिसने अभिनंदन को पाकिस्तान से सुरक्षित भारत वापस लाया था, ये अफ़गानिस्तान मे फंसे भारतीयों को सकुशल भारत ले आएगी। हाँ आप सोशल मीडिया पर समय व्यतीत करते रहें बाक़ी आपके बस का कुछ है नहीं। एक ट्विटर यूजर लिखते हैं कि लेकिन नरेंद्र मोदी तो तानाशाह है, फिर क्यों मदद मांग रहे हो।

## चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

'बात' 'उपहास' 'जहालत' 'नेता'

कहां क्या बात कहनी है,पता इनको नहीं होता,
इन्हें ही लौटकर मिलता,ये जो उपहास करते हैं।
ज़बाँ से बात कोई भी,कभी अच्छी नहीं करते,
जहालत से घिरे नेता,सदा बकवास करते हैं।

# जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधियों की ब्लॉक में नो एंट्री की मांग को लेकर जारी रहा धरना

बुढ़ाना, 17 अगस्त (बु.)। ग्राम पंचायत अधिकारी ग्राम विकास अधिकारी समन्वय समिति विकास खंड बुढ़ाना के तत्वावधान में आज मंगलवार को दूसरे दिन भी ग्राम पंचायत अधिकारियों और ग्राम विकास अधिकारियों ने बुढ़ाना ब्लॉक परिसर में धरना प्रदर्शन किया और कामकाज बंद रखा। मिली जानकारी के अनुसार आज मंगलवार को दूसरे दिन भी उक्त अधिकारियों का धरना प्रदर्शन जारी रहा, जिसमें समिति के अध्यक्ष संजीव कुमार और मंत्री राहुल आर्य ने संयुक्त रूप से एक ज्ञापन जारी करते हुए बताया कि विकास खण्ड बुढ़ाना में कार्यरत शासकीय कर्मचारियों के विरुद्ध फर्जी मुकदमें दुर्व्यवहार और दबाव डालकर गैर कानूनी कार्य कराने की कोशिश के विरोध में सम्पूर्ण कार्य बहिष्कार व अनिश्चितकालीन धरना विकास खंड बुढ़ाना परिसर में किया जा रहा है। कर्मचारियों ने मांग की कि कर्मचारियों के विरुद्ध कराये गये फर्जी व झूठे मुकदमे वापस लिये जाएं तथा प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए, झूठे मुकदमे में फंसाने के दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाये, विकास खंड बुढ़ाना परिसर में कर्मचारियों से अभद्रतापूर्ण भाषा का प्रयोग करने व दुर्व्यवहार करने वाले किसी भी जनप्रतिनिधि के प्रतिनिधि का पूर्णतया प्रवेश निषेध किया जाये और जो भी शासकीय कार्य होना है, उसके लिये जनप्रतिनिधि ही विकास खण्ड में सम्पर्क करें न कि उनके प्रतिनिधि। विकास खण्ड बुढ़ाना में कार्य करने वाले समस्त कर्मचारियों की बाहरी व्यक्तियों से सुरक्षा सुनिश्चित की जाये। उक्त मांगों को लेकर बीते कल सोमवार से पूर्ण कार्य बहिष्कार व अनिश्चितकालीन धरने पर रहेंगे। जब तक कि उपरोक्त समस्याओं का पूर्णकालीन समाधान न कर दिया जाये। यहां पर सभी नारा पट्टिका भी लिए हुए थे। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से धरना-प्रर्दशन करने वालों में मोहन, नितिन, आनन्द प्रकाश, सुरेन्द्र, विकास, प्रियांशु, जितेन्द्र, मुकुल वशिष्ठ, अवनीश, मोहित, अनिल, आर्यन, फैसल अली, योगेन्द्र, सुशील त्यागी, शमशाद, अनुज, बसंत, सचिन और वासिद आदि अधिकारी और कर्मचारियों की मौजूदगी रही। उल्लेखनीय है कि तीन दिन पहले भसाना गांव की महिला प्रधान के पति को ब्लॉक के किसी अधिकारी ने अपने कर्मचारियों की मदद से मामूली बात पर पिटाई कर दी थी। तब पुलिस ने इस घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। बस इसी रिपोर्ट के दर्ज होने पर अधिकारी अब रिपोर्ट दर्ज कराने वालों के खिलाफ ब्लॉक में दो दिन से धरने पर हैं।



जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में शिक्षामित्र सीएम को पत्र भेजते हुए।

# जाहरवीर की म्हाड़ी पर चढ़ाए निशान

भोपा, १७ अगस्त (बु.)। भोपा में निर्माणाधीन जाहरवीर गोगा म्हाड़ी पर श्रद्धालुओं ने निशान चढ़ाकर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। भंडारे का भी आयोजन किया गया। मंगलवार को भोपा की नव निर्माणाधीन जाहरवीर गोगा की म्हाड़ी पर सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने निशान (छड़ी) चढ़ाते हुए परिवार की सुख समृद्धि की कामना भी की। इस धार्मिक कार्यक्रम का शुभारंभ युवा भाजपा नेता वह पूर्व जिला पंचायत सदस्य अमित राठी द्वारा किया गया। श्रद्धालुओं ने विधि विधान से पूजा-अर्चना भी की। पहली बार कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें म्हाड़ी के आसपास मेला भी लगा। बच्चों ने जमकर खेल-खिलौने की खरीदारी भी की। व्यवस्था में लगे लोगों राजबल शर्मा,राजेंद्र शर्मा, तरुण कुमार प्रधान, एडवोकेट सुदेश कुमार, दीपक, राहुल शर्मा, अर्जुन सिंह, इंद्रपाल सिंह, कृष्णपाल, डॉ. अजय शर्मा उर्फ बिल्लू आदि ने बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन पहली बार किया गया है। आने वाले समय में इसे और भव्य रूप दिया जाएगा। इस अवसर पर भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## काबुल भगदड़ में मरने वालों की संख्या 10 हुई

काबुल, १७ अगस्त (वार्ता/स्पूतनिक)। अफगानिस्तान के काबुल अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर वहां से निकालने की होड़ में मची भगदड़ में मरने वालों की संख्या बढ़कर 10 हो गई और इस घटना में दस अन्य घायल हुए है। टोलो न्यूज ने सोमवार को यह रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट के अनुसार, हवाईअड्डा प्रशासन ने बताया कि लोगों को प्रस्थान करने वाले विमानों में जगह की उपलब्धता को लेकर झूठी सूचना मिली और वे हवाई अड्डे पर पहुंचे जबकि कई उड़ानें पहले ही निलंबित कर दी गई थीं।

# आदर्श समायोजित शिक्षक/शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की पुराने बीएसए कार्यालय पर आहूत हुई

मुजफ्फरनगर, १७ अगस्त (बुस.)। आज आदर्श समायोजित शिक्षक/शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश की एक बैठक महावीर चौक स्थित पुराने बीएसए कार्यालय पर आहूत की गई। बैठक के उपरांत प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर जिलाध्यक्ष मुजीब उर रहमान के नेतृत्व व जिला महिला प्रभारी गीता बालियान के निर्देशन में जनपद की २५१ महिला शिक्षामित्रों ने ''राखी भेजो वादा याद दिलाओ'' कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राखी भेज कर विधानसभा चुनाव २०१७ के संकल्प पत्र में शिक्षामित्रों से जो वादा किया था, उसे याद दिलाया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष मुजीब उर रहमान ने शिक्षामित्रों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने विधान सभा चुनाव २०१७ के संकल्प पत्र में शिक्षामित्रों से वादा किया था कि उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने पर ३ माह के अंदर अंदर शिक्षामित्रों की समस्याओं का समाधान न्याय उचित तरीके से उत्तर प्रदेश सरकार करेगी, परंतु लगभग ४ वर्ष से उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार होते हुए भी शिक्षामित्रों की समस्याओं का समाधान नहीं हो सका है। महंगाई के इस दौर में रुपये १०००० प्राप्त करने वाला शिक्षामित्र न तो अपने परिवार का भरण पोषण सही प्रकार से कर पा रहा है, न ही बूढ़े माता-पिता का उपचार सही प्रकार से करा पा रहा है और न ही शादी योग्य बहन बेटियों की शादी धन के अभाव में समय से नहीं कर पा रहा है। उन्होंने जनपद के १४०० शिक्षामित्रों की ओर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अध्यादेश लाकर शिक्षामित्रों को सहायक अध्यापक पद पर समायोजित किए जाने या समान कार्य समान वेतन की तर्ज पर अध्यापक के समान वेतन सहित ६२ वर्ष की स्थाई सेवा नियमावली बनाई जाने की मांग की है। जनपदीय विशेष सलाहकार सुबोध त्यागी, जिला महामंत्री अनिल ठाकुर व नगर अध्यक्ष एकता रानी ने संयुक्त बयान में कहा कि शिक्षामित्रों को भी अध्यापकों के समान १४ आकस्मिक अवकाश व चिकित्सा अवकाश प्रदान किया जाए। शिक्षामित्रों की गिनती भी शिक्षक छात्र अनुपात के रूप में की जाए। उन्होंने मांग की जिन महिला शिक्षामित्रों की शादी हो चुकी है, उनका स्थानांतरण उसी जनपद में किया जाए, जहां उनकी शादी हुई है। उनकी प्रमुख मांगों में अध्यादेश लाकर शिक्षा मित्रों को शिक्षक पद पर समायोजित किया जाए। ६२ वर्ष तक की उम्र तक सेवा करने की सेवा नियमावली बनाई जाए। शिक्षामित्रों की गिनती भी शिक्षक छात्र अनुपात के रूप में की जाए। शिक्षामित्रों को १४ आकस्मिक अवकाश व शिक्षकों की भांति चिकित्सा अवकाश प्रदान किया जाए। महिला शिक्षामित्र जो मायके में वर्षों से शिक्षण कार्य कर रही है, उन्हें ससुराल वाले जनपद में समायोजित किया जाए। इस अवसर पर मुख्य रूप से नजमा जैदी, सीमा रानी, राकेश देवी, रविता देवी, शर्मिला देवी, बेबी लता, प्रेरणा त्यागी, अंजू, मालती सिंह, मीनाक्षी, जनपदीय प्रवक्ता मोनिका ठाकरान, जिला कोषाध्यक्ष नीरज त्यागी, सोनू पवार, नीलम तोमर, मनोज कुमार, जाहिद अली, इंद्रपाल सिंह, बृजपाल सिंह, गांधीधाम, कविता रानी, संगीता गुप्ता, नजमा प्रवीण, अनीता देवी, मोनिका, रमेश देवी आदि सैकड़ों शिक्षामित्र मौजूद थे।

# संरा ने अफगानिस्तान में महिलाओं की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की

काबुल, 17 अगस्त (वार्ता)। अफगानिस्तान में कब्जे के बाद तालिबान की ओर से महिलाओं की आवाजाही और सड़कों पर फैशन मॉडल के होर्डिंग्स हटाने के कट्टरपंथी फरमान को लागू करने की खबरें सामने आने के बाद संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ मानवाधिकारों के उल्लंघन की रिपोर्टों पर गहरी चिंता व्यक्त की है। श्री गुटेरेस ने ट्वीट कर कहा, ''मैं अफगानिस्तान की महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ मानवाधिकारों के उल्लंघन के बारे में अत्यधिक चिंतित हूं, जो फिर से स्याह दिनों के लौटने से भयभीत हैं। वे अपने समर्थन के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की ओर निगाहें जमाए हुए हैं। हमें उन्हें निराश नहीं करना चाहिए।'' नोबेल पुरस्कार विजेता मलाला यूसुफजई ने भी अफगानिस्तान की महिलाओं की स्थिति पर चिंता व्यक्त की है और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से महिलाओं, लड़कियों और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए एक प्रस्ताव पारित करने का आग्रह किया है। विभिन्न मीडिया आउटलेट्स रिपोर्ट में बताया कि अशरफ गनी सरकार तख्ता पलट के बाद रविवार को कट्टरपंथी तालिबानी समूह ने अफगानिस्तान पर नियंत्रण करने के बाद देश में अपने सख्त शरिया कानून लागू करने शुरू कर दिए हैं। सुश्री युसुफजई ने इससे पहले ट्वीट किया, ''तालिबान के अफगानिस्तान पर कब्जा करने को लेकर हम सदमे में हैं। मुझे महिलाओं, अल्पसंख्यकों और मानवाधिकार की मुखाल्फत करने वालों की बहुत चिंता हो रही है। वैश्विक, क्षेत्रीय और स्थानीय ताकतों को तत्काल युद्धविराम का आह्वान करना चाहिए, तत्काल मानवीय सहायता प्रदान करनी चाहिए और शरणार्थियों तथा नागरिकों की रक्षा करनी चाहिए। नॉर्वे की प्रधानमंत्री एर्ना सोलबर्ग के जवाब में पाकिस्तानी लड़कियों की शिक्षा अधिकार कार्यकर्ता (मलाला यूसुफजई) ने कहा, ''प्रधानमंत्री आपके सहयोग के लिए धन्यवाद और मुझे उन चिंताओं को साझा करने की अनुमति देने के लिए धन्यवाद जो मैं अफगानिस्तान में महिलाओं से सुन रही हूं। मैं सुरक्षा परिषद से अफगान महिलाओं, लड़कियों और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए एक प्रस्ताव पारित करने का आग्रह करती हूँ। इससे पहले प्रधानमंत्री सोलबर्ग ने उन्हें महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों की वकालत करने और अफगानिस्तान में नागरिकों की सुरक्षा के लिए धन्यवाद दिया था। उन्होंने कहा ''सुरक्षा परिषद में हमारे काम में आपके आह्वान पर नार्वे ध्यान केन्द्रित करेगा।'' तालिबान ने मंगलवार को महिलाओं से फिर से काम पर जाने को कहा और यह भी कहा कि अगर वे इस्लामी हिजाब का पालन करती हैं, तो उनके लिए कोई बाधा नहीं है, क्योंकि तालिबानियों की सोच महिलाओं को हिजाब में रखने की है। तालिबान महिलाओं को आधुनिक वेशभूषा में देखने के पक्षधर नहीं हैं। कपड़े या घड़ियों सहित विभिन्न उत्पादों के लिए मॉडलिंग करने वाली महिलाओं के रंगीन पोस्टरों पर सफेद रंग पोतने वाले तालिबान आतंकवादियों की सोशल मीडिया पर तस्वीरें सामने आ रही हैं। सोशल मीडिया पर महिलाओं का कहना है कि तालिबान आतंकवादी जबरन युवा लड़कियों की शादी करा रहे हैं और लड़कियों और युवा विधवाओं को हर घर से ले जा रहे हैं। आतंकियों द्वारा छोटी बच्चियों के दुष्कर्म की घटना सामने आ रही हैं। ऐसी भी रिपोर्टें सामने आ रही हैं कि तालिबान आतंकवादी अपने कब्जे वाले इलाकों में घर-घर जा रहे हैं और बारह साल की उम्र की लड़कियों से जबरन 'शादी' कर उनका यौन उत्पीडन कर रहे हैं। यह भी सामने आ रही है कि तालिबान कमांडर अपने कब्जे वाले इलाकों में इमामों को अपने सैनिकों की शादी कराने के लिए अविवाहित लड़कियों की सूची लाने के लिए मजबूर कर रहे हैं। कथित तौर पर तालिबान की ओर से आए एक बयान में स्थानीय नेताओं को 15 साल से अधिक उम्र की लड़कियों और 45 साल से कम उम्र की विधवाओं की सूची पेश करने का आदेश दिया गया है। तालिबान के सांस्कृतिक आयोग के नाम से जारी पत्र में कहा, ''तालिबानी कब्जे वाले इलाकों में सभी इमामों और मुल्लाओं को उनके लड़ाकों से शादी करने के लिए 15 से ऊपर की लड़कियों और 45 साल से कम उम्र की विधवाओं की सूची प्रदान करनी चाहिए।''

## बिडेन ने शरणार्थियों की मदद के लिए किया 50 करोड़ डॉलर का आवंटन

वाशिंगटन, 17 अगस्त (वार्ता/स्पूतनिक)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने अफगानिस्तान से आये शरणार्थियों की मदद के लिए 50 करोड़ डॉलर की राशि के आवंटन का फैसला किया है। श्री बिडेन ने विदेश मंत्री को संबोधित एक पत्र में कहा '' मैं एतद् द्वारा निर्धारित करता हूं कि शरणार्थियों, संघर्ष के शिकार लोगों और अफगानिस्तान में मौजूदा स्थिति के परिणामस्वरूप खतरे में घिरे लोगों की अप्रत्याशित तात्कालिक शरणार्थी एवं प्रवासन संबंधी जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से अमेरिकी आपातकालीन शरणार्थी एवं प्रवासन सहायता कोष से 50 करोड़ डॉलर तक की सहायता राशि प्रदान करना राष्ट्रीय हित के लिए महत्वपूर्ण है।

## डिसूजा बनी महिला कांग्रेस की कार्यकारी अध्यक्ष

नयी दिल्ली, 17 अगस्त (वार्ता)। कांग्रेस ने वरिष्ठ महिला नेता नेटा डिसूजा को महिला कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने मंगलवार को यहां जारी विज्ञप्ति में बताया कि पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने उनकी नियुक्ति को मंजूरी दी है और उन्हें तत्काल पदभार ग्रहण करने को कहा है। महिला कांग्रेस की अध्यक्ष सुष्मिता देव के सोमवार को पार्टी छोड़ने के बाद यह पद खाली हो गया था। सुश्री डिसूजा कांग्रेस छात्र इकाई एनएसयूआई से अध्यक्ष रही है। उन्होंने महिला कांग्रेस में महासचिव तथा युवा कांग्रेस में सचिव पद के दायित्व को भी निभाया है। वह पार्टी में कई अन्य महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का भी बखूबी निर्वहन कर चुकी है।

# गौरांग व कनिष्का बने स्टेट चैम्पियंस, ज्योति चैंपियन गुरु

मुजफ्फरनगर, 17 अगस्त (बु.)। सिप अबेकस सैंटर पर मंगलवार को अवार्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में तमाम बच्चों को प्रबंधन द्वारा इस बीच उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिये पुरस्कृत किया गया। सैंटर की डायरेक्टर डॉ. रिंकू एस गोयल ने बच्चों, अभिभावकों एवं शिक्षिकाओ को उनके द्वारा किए गए बेहतरीन प्रदर्शन की शुभकामनाएं देने के साथ उनको प्रोत्साहित किया। सिप अबेकस के गौरांग और कनिष्का को स्टेट चैम्पियंस और ज्योति अरोरा को चैंपियन गुरू चुना गया। यूपी व उत्तराखंड प्रौद्योगिक 2021 में सिप अबेकस सरकुलर रोड चैंपियन सेंटर रहा। चीफ गेस्ट राजेश चड्ढा सिर जो कि नार्थ हेड हैं सिप अकेडमी इंडिया ने कहा कि बच्चों-अभिभावकों व शिक्षिकाओं के भरपूर सहयोग से सिप अबेकस टॉप 10 नेशनल परफॉर्मर भी रहा। पूरे भारत के 750 सेंटर्स में इस बार की नेशनल प्रोडिजी 2021 में गेस्ट ऑफऑनर अभिनव गोस्वामी, जो कि वेस्टर्न के चैनल को-ऑर्डिनेटर हैं ने भी सभी बच्चों, अभिभावकों एवं शिक्षिकाओं को बहुत बधाई दी और उनको आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कोरोना नियम को ध्यान में रखते हुए लोगों को स्लॉट में बुलाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. रिंकू एस गोयल ने दीप प्रज्ज्वलित करते हुए गेस्ट को वेलकम किया और उत्तीर्ण बच्चों की ग्रेजुएशन सेरेमनी शुरू की गयी। अवांस 4 लेवल के बच्चों को अवार्ड दिया और परफॉरमेंस अवार्ड दिया गया। इस दौरान नार्थ जोन के हेड राजेश चढ़ा ने सभी बच्चों, अभिभावकों एवं शिक्षिकाओं को अपनी ओर से इस सफलता के लिए बधाई दी। उसके बाद नेशनल व स्टेट लेवल के विनर तमाम बच्चों को अवार्ड दिया गया। सभी शिक्षिकाओं को डॉ. रिंकू एस गोयल ने सभी बच्चों, अभिभावकों और शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सिप अबेकस की शिक्षिकाओं ने अपना सहयोग दिया। सिप अबेकस के गौरांग और कनिष्का को स्टेट चैम्पियंस और ज्योति अरोरा को चैंपियन गुरू चुना गया।

# जिले में 12,001 लोगों को लगा टीका

मुजफ्फरनगर, 17 अगस्त (बु.)। जनपद में कोरोना की चैन को रोकने की दिशा में शुरू प्रयासों की कड़ी में मंगलवार को जहां एक ओर मंगलवार को भी कोई नया कोरोना मरीज न मिलने से राहत रही, वहीं इस बीच जिले में कोरोना वैक्सीनेशन अभियान के बीच विभिन्न केंद्रों पर कुल 12,001 लोगों को स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने इस बीच कोरोना का टीका लगाया गया। इस बीच ऑनलाइन स्लॉट लेकर 18 से 44 आयु वर्ग में 2390 लोगों ने सुरक्षा कारणों से अपना वैक्सीनेशन कराया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ महावीर सिंह फौजदार ने बताया कि जनपद में मंगलवार को कुल 747 लोगों की आरटीपीसीआर रिपोर्ट प्राप्त हुई, जिसमें तमाम जांच रिपोर्ट निगेटिव रही। इसके अलावा जनपद में कुल 12,001 लोगों को कोरोना मुक्ति की दिशा में जारी अभियान के बीच में कोरोना का टीका लगाया। उन्होंने बताया कि टीकाकरण केंद्रों पर इस बीच कुल 9611 लोगों को कोरोना टीकाकरण किया गया, जिनमें से 8763 लोगों को प्रथम डोज तथा 848 लोगों को दूसरी डोज लगाई गई। उन्होंने बताया कि इस बीच जनपद में ऑनलाइन स्लॉट लेकर 18 से 44 आयु वर्ग में 2390 लोगों ने टीकाकरण कराया।



## साइबर हैल्प सैन्टर ने वापस कराये ३५ हजार रुपये

खतौली, १७ अगस्त (बु.)। मिली जानकारी के अनुसार नगर क्षेत्र के जगत कॉलोनी निवासी रवि कौशिक से पेटीएम के माध्यम से अज्ञात साइबर ठग द्वारा परिचित बनकर उसके बैंक खाते से पैंतिस हजार रुपये स्थानांतरित करा लिये थे। खाते से ठग द्वारा नगदी स्थानांतरित किये जाने पर पीड़ित रवि द्वारा साइबर हैल्प सैन्टर को सूचना दी गई थी। पीड़ित रवि की शिकायत को संज्ञान में लेकर साइबर हैल्प सैन्टर द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए ठग से सम्पूर्ण ३५,००० रुपये पीड़ित रवि के खाते में वापस करवा दिये गये। उल्लेखनीय है कि साइबर ठगों के सक्रिय रहने से इस प्रकार की अनेक ठगी की घटनाएं पूर्व में भी नगर क्षेत्र में घटित हो चुकी है।

# जिला पंचायत सदस्य पंडित श्रीभगवान शर्मा के आवास पर हुआ सुंदरकांड पाठ का आयोजन

मुजफ्फरनगर, १७ अगस्त (बुस.)। देश, प्रदेश, क्षेत्र व समस्त समाज में सुख-समृद्धि व शांति के लिए जिला पंचायत सदस्य पंडित श्रीभगवान शर्मा ने अपने आवास पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। आदर्श कॉलोनी की मंडली ने सुंदरकांड कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। मौहल्ला बचनसिंह कालोनी स्थित अपने आवास पर पंडित श्री भगवान शर्मा ने अपने परिवार, रिश्तेदारों, शुभचिंतकों व समर्थकों के साथ मिलकर आज मंगलवार के दिन सुख समृद्धि व शांति के लिये सुंदरकांड पाठ में प्रभु का गुणगान किया। सुंदरकांड पाठ पूर्ण होने महाआरती की गई, तत्पश्चात प्रभु को भोग लगाया। इसके बाद भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य पंडित श्रीभगवान शर्मा, सरवट की पूर्व प्रधान श्रीमती उषा शर्मा, पंडित ऋषभदेव शर्मा, चंद्रशेखर शर्मा, समेंद्र शर्मा, सीताराम प्रजापति, जगनंदन शर्मा, विक्रम आचार्य, महेंद्र शर्मा, कमलेश शर्मा, निर्मल सिंह, ईश्वर सिंह सैनी, बालेंद्र वर्मा, रामचंद्र मिश्रा, मीरा मिश्रा, देवी शाह, सोहनवीर सिंह, जयपाल शर्मा, किरतपाल सिंह, राजेश शर्मा, सुभाष शर्मा, रामकुमार शर्मा, सतीश शर्मा, रामबहादुर सिंह, पुरुषोत्तम सिंघल, सेठपाल उपाध्याय सेठी, रोमित शर्मा, रमेश ठाकुर आदि मौजूद रहे।


## कटर, फिटर हेतु लेडीज टेलर की आवश्यकता है



Contact : 9359903394

## आवश्यकता है

लेडी टीचर्स की



नर्सरी से 5वीं कक्षा के लिए

वेतन योग्यतानुसार

SG. Public School
(English Medium)
Bhopa Road, Makhiyali
M. 8979818821, 9119024342


## खोया सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी सी.बी.एस.ई. बोर्ड नई दिल्ली संस्थागत हाईस्कूल की मुख्य परीक्षा वर्ष 2019 अनुक्रमांक 5435511 लक्ष्य एजूकेशन एण्ड स्पोर्ट्स स्कूल बघरा, मुजफ्फरनगर से उत्तीर्ण अंकतालिका वास्तव में कहीं खो गई है।

रोहित सिंह पुत्र इसम सिंह
71-हैदरनगर, जलालपुर,
कस्बा- बघरा,
जिला- मुजफ्फरनगर

## रस्म तेरहवीं



अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूज्य माताजी श्रीमती स्नेहलता जैन (पत्नी स्व. श्री सुविनित कुमार जैन) का स्वर्गवास दिनांक 16 अगस्त 2021, दिन सोमवार को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी। जिनकी रस्म तेरहवीं दिनांक : 18 अगस्त 2021, दिन बुधवार को दोपहर 2 बजे, स्थान : दर्पण बैंकट हॉल, मुजफ्फरनगर पर सम्पन्न होगी।

-शोकाकुल-परिवार-

हर्षिल जैन (पुत्र)
शारदा जैन-प्रवीण कुमार जैन (बुआ-फूफा)

-प्रतिष्ठान-

● ठाकुर ग्रामोद्योग

फोन : 9897727755, 8171051500

## शोक संदेश



अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी माताजी श्रीमती सरला मित्तल (धर्मपत्नी श्री जनेश्वर दास मित्तल) का स्वर्गवास दिनांक : 7 अगस्त 2021, दिन शनिवार को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।
दिवंगत आत्मा की शांति हेतु रस्म तेरहवीं का आयोजन दिनांक : 18 अगस्त 2021, दिन बुधवार को निम्न कार्यक्रमानुसार होगा।

कार्यक्रम : बुधवार 18 अगस्त 2021
हवन .................. प्रात: 9 बजे
ब्रह्मभोज .................. दोपहर 12 बजे
रस्म तेरहवीं .................. अपराह्न 3 बजे

स्थान : आशीर्वाद पैलेस, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर

-शोकाकुल-परिवार-

जनेश्वर दास मित्तल (पति)
आलोक-निभा मित्तल, आदर्श-निलिमा मित्तल (पुत्र-पुत्रवधु)
छवि-विनय गर्ग (पुत्री-दामाद), अक्षित (पौत्र)
अनुष्का, अदिती, अन्वेषा (पौत्री), चार्वी-अथर्व (नाती-नातिन)
एवं समस्त मित्तल परिवार

-प्रतिष्ठान-

मैसर्स श्री वृंदा स्टील्स, मुजफ्फरनगर

नोट : कृपया पगड़ी साथ लाने का कष्ट ना करें।

## कार्यालय नगर पंचायत बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर

पत्रांक : 249/न.पं.बु./2021-22

दिनांक : 16.08.2021

### ई-निविदा आमंत्रित सूचना

एतद्द्वारा समस्त पंजीकृत फर्मों / ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत बुढ़ाना में राज्यवित्त / नगर पंचायत लेखा आयोग के अन्तर्गत निर्माण कार्यों हेतु ई-निविदायें दिनांक 07.09.2021 की अपराह्न 2:00 बजे तक वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं। निविदा अभिलेख एवं शर्तें वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 18.08.2021 से 07.09.2021 तक अपराह्न 2:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड कर सकते हैं। सभी निविदादाता दिनांक 07.09.2021 की अपराह्न 2:00 बजे तक उक्त वेबसाइट पर अपनी निविदा दरें डाल सकते हैं। विस्तृत शर्तें एवं विवरण वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

| | |
|---|---|
| Tender Reference | 249/NPB/2021-22 |
| Publish Date and Time for Ref. | 18/08/2021 at 2:00 PM |
| Last Date and Time for Submission of E-Bids | 07/09/2021 upto 2:00 PM |
| E-Bids Security | निविदा हेतु धरोहर राशि 10 प्रतिशत |
| E-Tender Document Processing | निविदा मूल्य एवं स्कैन किये जाने वाले दस्तावेजों हेतु वेबसाइट पर अपलोड निविदा विवरण/शर्ते देखें। |

(ओम गिरि)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत बुढ़ाना

(बाला त्यागी)
अध्यक्ष
नगर पंचायत बुढ़ाना

